तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार 15 दिसंबर 2025

12 दुर्गूकोंदल की नवोदय विद्यालय परीक्षा में दिखा ...



12 बस्तर ओलंपिक में ग्राम चवांड की बालिकाओं...





## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों में दो की मौत चालकों पर मामला कायम




**कांकेर।** बांदे थाना क्षेत्र में दो सकड़ दुर्घटना में दो लोगो की मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि 19 जून को बांदे निवासी गौतम देवनाथ सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। मृतक स्वयं वाहन को चलाते हुए दुर्घटना का शिकार हुआ व गंभीर चोट आने की वजह से मौत होने पर आरोपी गौतम देवनाथ के खिलाफ मामला दर्ज किया। वही दूसरी कार्यवाही में आरोपी ट्रैक्टर वाहन का चालक मनोज कोरचा 14 सितंबर को अपने वाहन को बिना किसी संकेत के मेन रोड में लापरवाही पूर्वक खड़ा किया था। मृतक उक्त खड़ा वाहन से टकरा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनो आरोपी के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### घायल युवती की हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत 24 वर्षीय खिलेश्वरी ध्रुव का इलाज के दौरान रायपुर के अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी 14 सितंबर को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सुरही में राज्य स्तरीय डीजे डांस स्पर्धा 21 को

**कांकेर।** ग्राम सुरही में राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 21 दिसंबर को हायर सेंडरी स्कूल ग्राउंड में किया जाएगा। स्पर्धा के सामुहिक नृत्य में प्रथम 10001 रूपएं, द्वितीय 5001 व तृतीय पुरूस्कार 2001 रूपएं रखा गया है। युवग में प्रथम 7001 रूपएं, द्वितीय 4001 रूपएं व तृतीय पुरूस्कार 2001 रूपएं और एकल में प्रथम 5001 रूपएं, द्वितीय 5001 रूपएं और तृतीय 1501 रूपएं दिया जाएगा।

### अमित बस्तर आएंगे आज जकां के धरने में होंगे शामिल

**जगदलपुर।** जनता कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद ने बयान जारी कर बताया है कि सोमवार एवं मंगलवार को जनता कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी जगदलपुर प्रवास में रहेंगे। वे कोंडागांव में जिला स्तरीय समस्याओं को लेकर आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे। दूसरे दिन 16 दिसंबर को दंतेवाड़ा जिला के बचेली में प्रदर्शन में शामिल होंगे।

### टमाटर महंगा 60 रुपए किलो में बिका

**जगदलपुर।** आवक कम होने और बारिश से फसल खराब होने के कारण बस्तर से रायपुर भेजा जा रहा टमाटर, यही कारण है कि शहर के साप्ताहिक बाजार में टमाटर 50-60 रूपए किलो में बिक रहा है। टमाटर आपूर्ति घट गई है, जिससे किसानों की फसल खेतों से निकल नहीं पा रही और बाजार में दाम बढ़ रहे हैं, जो कि आपूर्ति-मांग के संतुलन बिगड़ने का सीधा असर है। एक तरफ जहां दाम बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ किसान अपनी फसल नहीं निकाल पा रहे, जिससे उन्हें नुकसान हो रहा है। इधर बढ़ी हुई कीमत के चलते टमाटर इन दिनों जनता के किचन से गायब हो गया है।
बाजार में टमाटर 50-60, मटर 100, करेला 80, फूलगोभी 80, पत्तागोभी 20, भिंडी 80, आलू 30, प्याज 40, अदरक 180, लहसून 250 रूपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी 20 रूपए में 12 जूड़ी, मैथी 20 रूपए में 6 जूड़ी और लहसूनभाजी 20 रूपए में एक जूड़ी बिक रही है।

# यात्री बस से ज्वेलर्स के 29 लाख की चांदी के सिक्कों की चोरी, अज्ञात आरोपी की तलाश

## जगदलपुर से रायपुर की यात्रा के दौरान हुई वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जगदलपुर के प्रतिष्ठित व्यवसायी और ज्वेलर्स के संचालक के साथ बस यात्रा के दौरान बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। व्यवसायी 13 दिसंबर की रात करीबन 11 बजे वाहन क्रमांक सीजी 07 सीके 9691 में सवार होकर जगदलपुर से रायपुर जा रहा था। वे बस की लोअर सीट एल-19 पर सवार थे और अपने साथ एक बैग में नगद राशि 29 लाख 6 हजार रुपएं तथा 328 ग्राम चांदी के सिक्के रखे हुए थे। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे जगदलपुर निवासी 73 वर्षीय मोतीलाल जैन पिता स्व. सुखराज मल जैन ने पुलिस को बताया कि मेन रोड जगदलपुर में ज्वेलर्स का दुकान चलाता हूं। मै 13 दिसंबर कि रात 11 बजें जगदलपुर पुराना बस स्टैण्ड सीटी कोटवाली के पास से बस वाहन क्रमांक सीजी 07 सीके 9691 में लोवर सीट एल 19 में बैठकर जगदलपुर से रायपुर अपने स्वयं के दुकान तथा संबंधित अन्य व्यापार के काम से जा रहा था। अपने पास बैग में नगदी रकम 29 लाख 6 हजार रूपएं तथा 328 ग्राम चांदी के सिक्के रखा था। बस अगले दिन 14 दिसंबर को सुबह 3.45 बजे नया माकड़ी ढाबा कांकेर में बस रूकी। वहां पर मैं लघुशंका के लिए नीचे गया और अपने बैग को अपने सीट में रख दिया। करीबन 4-5 मिनट बाद वापस आकर देखा तो बैग का चैन खुला हुआ मिला। बैंग के अंदर चेक करने पर एक सफेद रंग का थैला, जिसमें नगद 29 लाख 6 हजार रूएं तथा 328 ग्राम चांदी का सिक्के नहीं था। किसी अज्ञात व्यकित के द्वारा चोरी कर ले गया है।

### यात्री समेत बस को लाया गया थाना

पीड़ित व्यवसायी ने तत्काल इस संबंध में कांकेर पुलिस को जानकारी दिया। उनका कहना है कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा अवसर का फायदा उठाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। घटना के बाद बस में मौजूद अन्य यात्रियों और स्टाफ से भी पूछताछ की गई, लेकिन तत्काल कोई सुराग नहीं मिल सका।




### जांच में जुटी पुलिस

पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 (ख) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही बस में सवार यात्रियों से पूछताछ कर रही है। इस घटना के बाद यात्रियों से कीमती सामान की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने का अव्हान किया।

## विरोध : हाथों में तख्ती थामे विभिन्न समाज के लोग रैली में हुए

# भारत माता की जयघोष के नारे किए बुलंद व धर्मांतरण के खिलाफ निकाली आक्रोश रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

धर्मांतरण गतिविधियों के विरोध में रविवार को कांकेर में विभिन्न समाज ने मिलकर आक्रोश रैली निकाली गई। रैली के समापन पर आक्रोश सभा आयोजित कर वक्ताओं ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग किया रैली के दौरान समाज के लोगो ने हाथों में तक्खती लेकर नारेबाजी किया। हजारों की भीड़ रैली में शामिल हुई।

- देवी-देवताओं का अपमान नहीं किया जाएगा बर्दास्त
- आयोजित हुई आक्रोश सभा हुई, धर्म परिवर्तन दंडनीय एवं गैर-जमानती अपराध घोषित हो

कांकेर शहर में धर्मांतरण के मुद्दे को लेकर लोगों का आक्रोश उस समय देखने को मिला जब विभिन्न सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने एकजुट होकर रैली निकाली। रैली का 14 दिसंबर को दोपहर 2 बजें से नरहरदेव मैदान से निकली और शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गिल्ली चौक, पुराना बस स्टौण्ड से होते हुए सीधा मेलाभाटा में ▶▶| शेष पेज 10 पर






### सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान पर वक्ताओं का जोर

वक्ताओं ने कहा बस्तर अंचल तथा उसका अभिन्न हिस्सा जिला उत्तर बस्तर कांकेर केवल प्रशासनिक सीमाओं तक सीमित क्षेत्र नहीं है, बल्कि यह वह भूभाग है जहाँ सदियों से सुव्यवस्थित सामाजिक अनुशासन, सांस्कृतिक परंपराएँ और सामूहिक जीवन-पद्धति विकसित होती रही हैं। यह क्षेत्र मुख्यतः जनजातीय बहुल है और संविधान की पाँचवीं अनुसूची के अंतर्गत आता है, किंतु इसके साथ-साथ अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सवर्ण एवं विभिन्न जातिगत समाज भी पीढ़ियों से यहाँ साथ-साथ रहते आए हैं और इस साझा सामाजिक व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा रहे हैं।



### रखी गई माँगें

सर्वसमाज द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में मांग किया गया कि राज्य में अविलंब एक नया, कड़ा एवं प्रभावी धर्मांतरण विरोधी कानून लागू किया जाए, जिसमें बिना पूर्व प्रशासनिक अनुमति किया गया कोई भी धर्म परिवर्तन दंडनीय एवं गैर-जमानती अपराध घोषित हो। जिले सहित संपूर्ण बस्तर संभाग के सभी जनजातीय क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्रों की व्यापक, निष्पक्ष एवं समयबद्ध जाँच कराते हुए डी-लिस्टिंग की कार्रवाई की जाए तथा धर्मांतरित व्यक्तियों को आरक्षित सरकारी नौकरी, चुनाव, आरक्षित पदों एवं सभी संवैधानिक लाभों से पूर्णतः वंचित किया जाए। एसटी एवं एससी योजनाओं का दोहरा लाभ लेने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए स्पष्ट कानून एवं सख्त निगरानी व्यवस्था लागू की जाएं, लालच, डर, दबाव, भय, इलाज, शिक्षा, नौकरी, विवाह, चंगाई अथवा आर्थिक सहायता जैसे किसी भी प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रलोभन से कराए गए धर्मांतरण को कठोर, गैर-जमानती एवं उदाहरणात्मक दंड योग्य अपराध घोषित किया जाए, अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति क्षेत्रों में किया गया कोई भी धर्मांतरण विशेष ▶▶| शेष पेज 10 पर

# महिला से छेड़डाड़ का आरोपी जेल दाखिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सुबह सुबह मंदिर में पूजा करने के लिए गई महिला के साथ छेड़छाड़ करते वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटा के अंदर गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश कर रिमांड पर लिया। प्रार्थिया ने थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराया कि 13 दिसंबर को शाम साढ़े 6 बजें मंदिर में पूजा करने गई थी। तब आरोपी भोजराज साहू के द्वारा मेरी लज्जा भंग करने की नियत से छेड़छाड़ कर मारपीट करने लगा। शिकायत पर थाना कांकेर में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।


कांकेर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी पटौद निवासी 44 वर्षीय भोजराज साहू पिता स्व. प्यारे लाल साहू को 14 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड लिया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में, मप्रआर हितेश्वरी चेलक, प्रआर गितेश्वर कुलदीप, आरक्षक गजेन्द्र नागवंशी एवं थाना पेट्रोलिंग पार्टी का अहम भूमिका रहा है।

# मोटरसायकिल से गिरे घायल युवक की मौत, विवेचना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अंतागढ़ थानांतर्गत गोड़बिनपाल एसएसी कैंप के पास बाइक में सवार दो युवक अचानक बाइक समेत जमीन पर गिर गए। गिरने से दोनो को गंभीर चोट आया था। प्राथमिक उपचार के बाद दोनो को जिला अस्पताल रिफर किया गया। एक युवक की स्थिति को गंभीर देख जिला अस्पताल से हायर सेंटर रायपुर रिफर किया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

विवेचना में पाया गया कि मृतक ताड़ोकी थानांतर्गत पदबेड़ा निवासी 20 वर्षीय अमर सिंह दर्रो पिता स्व. सोमसिंह दर्रो 9 नवंबर को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 17 केजेड 8342 में पुरूषोत्तम दर्रो साथ नीजी काम से कही गया था। वाहन को पुरूषोत्तम चला रहा था और अमर



सिंह पीछे बैठा था। ग्राम गोड़बिनापाल एसएसबी कैंप के पास दोपहर लगभग साढ़े 12 बजें अचानक मोटर सायकल अनियंत्रित होकर रोड़ में गिर जाने से मोटर सायकल चालक पुरूषोत्तम दर्रो व पीछे बैंठा अमर सिंह दर्रो को चोट आया। निजी वाहन से घायलो को समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतागढ़ लेकर गए। प्राथमिक उपचार के बाद अमर सिंह दर्रो को उचित इलाज के लिए हायर सेंटर रिफर करने पर जिला अस्पताल कांकेर लेकर गए। अमर सिंह ▶▶| शेष पेज 10 पर

# कांकेर के शीतला तालाब में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के ऐतिहासिक शीतला मंदिर से संलग्न शीतला तालाब पर ज़ोरदार स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिस में बहुत बड़ी मात्रा में कचरा निकाल कर महीनों से चली आ रही समस्या का निराकरण किया गया।

शहर की समाज सेवी संस्था जन सहयोग तथा अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वाधान में शीतला मंदिर तथा तालाब सैकड़ों वर्ष पुराने हैं। जहां प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु भक्त आकर पूजा अर्चना करते हैं और उन सब के कष्टों पर विचार करते हुए समाजसेवी अजय पप्पू मोटवानी ने अपनी संस्था जन सहयोग तथा अन्य अनेक का सहयोग लेते हुए



यह सफ़ाई अभियान सफलतापूर्वक पूर्ण कर दिखाया। सफ़ाई अभियान में भाग धर्मेंद्र देव, प्रवीण गुप्ता, करण नेताम, अखिलेश साहू, अजय पांडे, शैलेंद्र देहारी, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला संगठन सचिव पूर्व सैनिक टेश्वर जैन, छगन बलवंत, राकेश, तारिणी, तान्या, अनूप खिलेश्वरी, सरस्वती, आरती, रश्मि ,सरस, मेघा, किरण यामिनी और साथ ही शीतला मंदिर के पुजारी पूरन माली, सेवक राम ने भी पवित्र श्रमदान में अपना महत्वपूर्ण योगदान किया।

# अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गुजरात से किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना कांकेर क्षेत्र से नाबालिग पीड़िता का अपरण कर उसे गुजरात ले जाने वाले आरोपी को कांकेर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

थाना कांकेर में पीड़िता के परिजन ने 15 सितंबर को शिकायत दर्ज कराया कि उनके नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर कर अपहरण कर ले गया है। शिकायत पर थाना कांकेर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान मामले के संवेदनशीलता को देखते हुए थाना कांकेर से टीम गठित कर लगातार अपहृता एवं अज्ञात आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था। पुलिस को जानकारी मिला कि नाबालिग गुजरात में है। पुलिस की टीम रवाना हुई और अपहृता एवं आरोपी को गुजरात जिला सुरत नेमनगर से आरोपी उत्तर प्रदेश के जिला प्रतापगढ़ ग्राम शरसीखाम निवासी 20 वर्षीय राहुल वर्मा पिता रामशिरोमणी के कब्जे से बरामद कर थाना कांकेर लाकर उसके परिजन के समक्ष दस्तयाब किया गया है। आरोपी राहुल वर्मा को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर आरोपी द्वारा ▶▶| शेष पेज 10 पर

## राहगीरों, मजदूरों, ठेला-खोमचा लगाने वालों और जरूरतमंदों को मिल रही राहत

# शीतलहर से मिल रही सुरक्षा, पालिका ने चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बढ़ती ठंड को देखते हुए कांकेर नगर पालिका परिषद द्वारा नगरवासियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए अलाव की व्यवस्था की जा रही है। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों, बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर आग जलाने के लिए लकड़ी उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि ठंड से राहत मिल सके। नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने बताया कि शीतलहर के दौरान विशेष रूप से रात के समय राहगीरों, मजदूरों, ठेला-खोमचा लगाने वालों और जरूरतमंदों को काफी परेशानी होती है। इसे



ध्यान में रखते हुए पालिका ने अलाव जलाने की नियमित व्यवस्था कर रही है। कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित स्थानों पर समय पर लकड़ी पहुंचाई जाए और अलाव सुरक्षित तरीके से जलाया जाए। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका की इस पहल की सराहना की है। उनका कहना है कि अलाव की व्यवस्था से सुबह-शाम बाहर निकलने वालों को राहत मिल रही है।

### सावधानी पूर्वक करें अलाव का उपयोग

नगर पालिका ने यह भी अव्हान किया कि लोग अलाव का उपयोग सावधानी पूर्वक करें और आग से संबंधित किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए सतर्क रहें। नगर पालिका प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि ठंड के प्रभाव को देखते हुए यह व्यवस्था आगे भी जारी रहेगी और आवश्यकता पड़ने पर अलाव के स्थानों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### एनएच–30 केशकाल में मरम्मत व उन्नयन कार्य जारी

**कोण्डागांव।** एनएच–30 के केशकाल नगर क्षेत्र में निर्माण कार्य के कारण ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। ऐसे में जगदलपुर से रायपुर जाने वाले कार व बाइक चालकों के लिए प्रशासन ने वैकल्पिक मार्ग सुझाया है। बटराली, राँधा, उपरमुरवेड, मुरनार होकर चालक आसानी से रायपुर पहुंच सकते हैं। यह मार्ग लगभग 30 किमी लंबा है और जाम से बचने के लिए बेहतर विकल्प माना गया है। रायपुर की ओर जाने वाली भारी गाड़ियों को फरसगांव, रांधना, गम्हरी, बांसकोट, बोरई, घटुला, सिहावा, नगरी, कुरूद मार्ग का उपयोग करने की सलाह दी गई है। इसके अतिरिक्त भारी वाहन नारायणपुर मार्ग से भी जा सकते हैं, जिससे केशकाल नगर में ट्रैफिक का दबाव कम होगा।

रायपुर से जगदलपुर की ओर जाने वालों के लिए मार्ग परिवर्तन

रायपुर से जगदलपुर की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन रायपुर, कांकेर, केशकाल मार्ग का उपयोग कर सकेंगे, जो इस समय सबसे सुविधाजनक विकल्प है।

प्रशासन की नागरिकों से अपील

निर्माण कार्य के चलते अस्थायी व्यवधानों को देखते हुए प्रशासन ने वाहन चालकों और नागरिकों से सहयोग की अपील की है, ताकि काम के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू एवं सुरक्षित बनी रहे।

### जापान और थाईलैंड के बाद मलेशिया में भी अभिकर्ता विनोद साहू सम्मानित



**कोण्डागांव।** भारतीय जीवन बीमा निगम एलआईसी में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए को जिले के माकड़ी विकासखंड निवासी अभिकर्ता विनोद साहू को मलेशिया के कुआलालंपुर शहर स्थित होटल रॉयल चुनल में आयोजित एक गरिमामयी अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। अभिकर्ता विनोद साहू इससे पूर्व भी ग्रामीण क्षेत्र में बीमा जागरूकता और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जापान एवं थाईलैंड में सम्मानित हो चुके हैं।

विगत 15 वर्षों से वे निरंतर एमडीआरटी अमेरिका की सदस्यता प्राप्त करते आ रहे हैं, जो बीमा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। श्री साहू ने विगत दो वर्षों से मध्य क्षेत्र मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में पॉलिसी मानक के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही रायपुर डिवीजन में लगातार तीन वर्षों से प्रथम स्थान बनाए हुए हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा सुरक्षा और बचत को दी नई दिशा

विनोद साहू कोंडागांव क्षेत्र में बीमा व्यवसाय को गति देते हुए लोगों को बचत के साथ सुरक्षा प्रदान करने का कार्य कर रहे हैं। उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें डॉक्टरेट की मानद उपाधि भी प्रदान की जा चुकी है। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान पर एलआईसी शाखा परिवार एवं कोंडागांव क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

# भोंगापाल के साप्ताहिक बाजार में उरंदाबेडा थाना पुलिस ने लगाया चलित थाना

**फरसगांव।** उरंदाबेडा थाना पुलिस ने ग्राम भोंगापाल साप्ताहिक बाजार में चलित थाना लगाकर बाजार मे आए ग्रामीणों को बाल विवाह, साइबर अपराध से बचने, यातायात नियमों का पालन करने की जानकारी देकर जागरूक किया। रविवार को थाना उरंदाबेडा से 15 किलो मीटर दूर पूर्व नक्सल प्रभावित ग्राम भोंगापाल साप्ताहिक बाजार जाकर आसपास से बाजार मे आए ग्रामीणों को किसी प्रकार से अपने या आसपास के ग्रामों मे बाल विवाह होने की सूचना पर तत्काल थाना उरंदाबेडा को सूचित करने। किसी अंजान व्यक्ति, फेरी वाले, घुमन्तू संदिग्ध व्यक्ति, जिस पर शक हो ऐसे व्यक्ति की जानकारी मिलने पर ग्राम कोटवार को सूचित करते थाना को भी जानकारी देने समझाया गया। साथ ही किसी अंजान मोबाइल नंबर से कोई साइबर अपराधी द्वारा फ़ोन कर उनका एटीएम कार्ड नंबर, ओटीपी आधार नंबर, बैंक खाता नंबर, नहीं बताने साइबर अपराध घटित होने पर तत्काल टोल फ्री नंबर 1930 मे कॉल कर पैसा होल्ड कराने के साथ साथ थाना में सूचना दें। इसके अलावा यातायात नियमों का पालन करते स्वयं का इंसोरेंस ड्राविंग लाइसेंस एवं वाहन सम्बंधित समस्त कागजात साथ रखने कार चलाते सीट बेल्ट एवं मोटर सायकल चलाते हेलमेट का प्रयोग करते गंभीर चोटों से बचने, किसी प्रकार से महिला एवं नाबालिग बालक बालिका सम्बन्धित अपराध होने पर तत्काल थाना को सूचित करने कहा गया।

**ग्रामीणों को किया गया जागरूक**



**योजनाओं का लाभ लेने के लिए विभाग से जानकारी लें**

पुलिस अफसरों ने ग्रामीणों को बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की समस्त योजनाओं का लाभ लेने विभागों से जानकारी प्राप्त करने, निर्धारित धान उपार्जन केंद्र में धान बेचने, किसी प्रकार के असामजिक तत्वों की बातों में नहीं आने, अपने अपने बच्चों के पढ़ाई के स्तर की जानकारी हेतु शिक्षक शिक्षिका से मिलने, पालक समिति की बैठक मे निरंतर भाग लेने,अपने बच्चों को निर्भर बनाने के लिए उनके अच्छे बुरे कार्यों की जानकारी लेकर उन्हें गलत रास्ते मे नहीं जाने की समझाइस देने के संबंध में बताया गया। समस्त प्रकार के नसीले पदार्थ से खुद दूर रहकर अपने परिजनों को उससे दूर रहने की सलाह देने,की समझाइस दिया गया।

## आईपीएल तर्ज पर हुआ था आयोजन, 8 टीमों ने लिया भाग

# रोमांचक फाइनल में 'द विजय चैम्पियन' ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बांसकोट स्थित शहीद रतनलाल स्टेडियम में ब्लॉक स्तरीय बीपीएल टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता बांसकोट प्रीमियर लीग का 10वां वर्ष सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन क्रिकेट बांसकोट प्रीमियर लीग समिति द्वारा 5 दिसंबर से किया गया, जिसमें आईपीएल की तर्ज पर कुल 8 टीमों ने भाग लिया।

- बांसकोट क्रिकेट स्पर्धा का भव्य समापन

13 दिसंबर शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में द विजय चैम्पियन और हिमांशी वस्त्रलय 11 आमने–सामने रहे। टॉस जीतकर हिमांशी वस्त्रलय 11 ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए द विजय चैम्पियन ने निर्धारित 10 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 175 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब मीं वस्त्रलय 11 की टीम 10 ओवरों में 6 विकेट खोकर 146 रन ही बना सकी और 29 रनों से मुकाबला हार गई। द विजय चैम्पियन की ओर से सलामी बल्लेबाज मानकु नेताम और राकेश नाग ने पावरप्ले में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 80 रन जोड़े। चैकों–छक्कों की बरसात से दर्शक झूम उठे।

### मानकु नेताम बने सितारे

मानकु नेताम ने 25 गेंदों में 75 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 2 चैके और 6 छक्के शामिल रहे। उन्हें मैन ऑफ द सीरीज, मैन ऑफ द बैट्समैन और मैन ऑफ द फील्डर के पुरस्कार से नवाजा गया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में सर्वाधिक 189 रन बनाए। वहीं बेस्ट बॉलर का खिताब मोहित नेताम को मिला, जिन्होंने 7 मैचों में 12 विकेट लिए।

### विजेता और उपविजेता को मिला पुरस्कार

विजेता टीम द विजय चैम्पियन को 20,000 नकद, चमचमाती ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किए गए। उपविजेता हिमांशी वस्त्रलय 11 को 10,000 की राशि सरपंच बांसकोट मैनवती नाग द्वारा प्रदान की गई।

### अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच मैनवती नाग, विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत बड़ेराजपुर उपाध्यक्ष नारायण नेताम, शिवचरण साहू, आत्माराम सिन्हा पटेल, शीतल नाग, रमल नेताम पूर्व सरपंच सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### आयोजन में समिति का सराहनीय योगदान

क्रिकेट समिति अध्यक्ष ईश्वर शार्दुल, उपाध्यक्ष मुकेश नेताम, संयोजक राहुल सेठिया, सचिव मोहित नेताम, कोषाध्यक्ष बसंत पांडे सहित समस्त समिति सदस्यों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से प्रतियोगिता का सफल आयोजन संपन्न हुआ।

# डबरी निर्माण से ग्रामीण आजीविका को मिल रही नई दिशा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा ग्रामीण जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बनती जा रही है। इसमें डबरी निर्माण कार्य न केवल ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार दे रहा है, बल्कि उनकी आजीविका को स्थायी रूप से सशक्त भी बना रहा है।

- जल संरक्षण के साथ आयमूलक गतिविधियों को बढ़ावा

डबरी निर्माण से जल संचयन की सुविधा बढ़ती है, जिससे वर्षभर खेती, सब्जी उत्पादन, मत्स्य पालन और बतख पालन जैसी गतिविधियाँ संभव हो पाती हैं। इससे परिवारों की अतिरिक्त आय का मार्ग खुल रहा है और जल संकट वाले क्षेत्रें में स्थायी समाधान मिल रहा है।

### वैज्ञानिक पद्धति से हो रहा निर्माण

डबरी निर्माण से पहले स्थल एवं मिट्टी की वैज्ञानिक जांच की जा रही है, ताकि पानी का पर्याप्त भराव सुनिश्चित हो सके। ग्राम पंचायतों से प्राप्त मांग एवं आवश्यकता के आधार पर नए डबरी स्वीकृत किए जा रहे हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोंडागांव, अविनाश भोई ने बताया कि जिले में इस वर्ष अब तक कुल 384 डबरियों की स्वीकृति दी गई है। प्रति ग्राम पंचायत 5 से 10 डबरी निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे उपलब और मांग के अनुसार स्वीकृत किया जाएगा।

**मोर गांव, मोर पानी अभियान को मिल रही मजबूती**

डबरी निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में जल उपलब्धता बढ़ेगी और मोर गाँव–मोर पानी महाभियान को नई गति मिलेगी। यह पहल ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने और जल संरक्षण के सतत मॉडल को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# जिले की 75 सड़कों पर विशेष स्वच्छता व मरम्मत कार्य जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 5 दिसंबर से 20 दिसंबर तक ग्राम समृद्धि एवं स्वच्छता पखवाड़ा जिले में व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है। अभियान में ग्रामीण सड़कों की साफ–सफाई, मरम्मत एवं जनजागरुकता गतिविधियों पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

पीएमजीजीएसवाई के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि पखवाड़े के दौरान जिले के 75 सड़कों पर, जिनकी कुल लंबाई 481.09 किलोमीटर है, विशेष स्वच्छता एवं मरम्मत कार्य किए जा रहे हैं। इन कार्यों में गड्ढों की मरम्मत, साइड सोल्डर सुधार, झाड़ियों की कटाई,पुलिया एवं रोड फर्नीचर की पेंटिंग शामिल हैं।

### ग्रामीणों को दी जा रही सड़क सुरक्षा की जानकारी

अभियान के दौरान विभागीय टीम ग्रामीणों को महत्वपूर्ण सड़क सुरक्षा नियमों से भी अवगत करा रही है। मुख्य रूप से बताया जा रहा है सुरक्षित परिवहन के नियम, सड़क पर पैदल चलने के दिशा–निर्देश रात्रि यात्रा के दौरान सावधानियाँ रखी जाए। वाहनों की गति सीमा का महत्व अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और स्वच्छ, सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करना है।



# रजत जयंती पर ग्राम पंचायत चिंगनार में 95 वृद्धजनों का सम्मान

**कोण्डागांव।** समाज कल्याण विभाग एवं जनपद पंचायत फरसगांव के तहत ग्राम पंचायत चिंगनार में रजत जयंती के अवसर पर 95 वृद्धजनों का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत भोंगापाल और जाकरी के वरिष्ठ नागरिकों को शाल और श्रीफल प्रदान कर उनका सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य, ग्राम सरपंच, पंच गण और मितानीन उपस्थित रहे। रजत जयंती के अवसर पर 25 वृद्धजनों का डी.एल.सी. कार्य भी पूर्ण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और नशा मुक्ति के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही 1 वैशाखी, 2 श्रवण यंत्र और 50 वृद्धजनों को छड़ी प्रदान की गई। मितानीन द्वारा उपस्थित वृद्धजनों का मलेरिया परीक्षण भी किया गया।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जनपद सदस्य, सरपंच, पंचगण, मितानीन एवं समाज कल्याण विभाग की ललिता लकड़ा सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे और वृद्धजनों का उत्साहवर्धन किया।

# छत्तीसगढ़ में 8 साल बाद नई गाइडलाइन दरें लागू, संपत्ति मूल्यांकन में बड़ा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव।

छत्तीसगढ़ शासन ने वर्ष 2025–26 की नई गाइडलाइन दरें पूरे राज्य में लागू कर दी हैं। छत्तीसगढ़ गाइडलाइन दरों का निर्धारण नियम, 2000 के तहत अनुमोदित ये दरें 20 नवंबर 2025 से प्रभावी हैं। वर्ष 2018–19 के बाद पहली बार राज्यव्यापी स्तर पर व्यापक संशोधन किया गया है। पिछले 8 वर्षों में गाइडलाइन दरें न बढ़ने के कारण बाजार मूल्य और गाइडलाइन मूल्य में बड़ा अंतर पैदा हो गया था। नई दरें वैज्ञानिक पद्धति से तैयार की गई हैं, ताकि मूल्यांकन में एकरूपता आए और संपत्ति लेन–देन पारदर्शी हो सके।

पूर्व में कई नगरीय क्षेत्रें में एक ही वार्ड में 10–12 कंडिकाएँ लागू थीं, जिनमें से कई वास्तविक रूप से अस्तित्व में भी नहीं थीं। नई गाइडलाइन में कोण्डागांव नगर पालिका 145 कंडिकाएँ केवल 30, फरसगांव नगर पंचायत 49 – 15, केशकाल नगर पंचायतरू 45 – 15, इससे अब समान प्रकृति वाले क्षेत्रें का मूल्यांकन एक समान दर से हो सकेगा। पहले कोंडागांव के एनएच–30 पर स्थित

### ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ा सुधार : अब मूल्यांकन हेक्टेयर में

अब ग्रामीण क्षेत्रें में वर्गमीटर दर पूर्णतः समाप्त कर दी गई है। सभी आवासीय व कृषि भूमि का मूल्यांकन हेक्टेयर दर से होगा। इससे भूमि के छोटे टुकडों और कृषि भूमि के मूल्य में आ रही असमानता खत्म होगी तथा किसानों को वास्तविक मूल्य व मुआवजा मिल सकेगा। पेरमापाल, हंगवा, तोतर, आमगांव, आदनार, चेमा, छोटेउसरी, छोटेकोडेर, टिमेनार, एहरा, गदनतरई जैसे अनेक गांवों में दरें अब आसपास के विकसित गांवों के अनुरूप निर्धारित की गई हैं।

### राज्यभर में व्यापक रेशनलाइजेशन

दुर्ग, रायगढ़ सरगुजा, कोरबा, धमतरी, बिलासपुर, कबीरधाम, कांकेर और बस्तर सहित सभी जिलों में सड़क, बाजार, बसाहट और विकास की वास्तविक स्थिति के अनुसार संशोधन किए गए हैं। उदाहरण नई दरों से सीधे लाभ ग्राम मसोरा रकबा 0.032 हे. आवासीय, पुरानी गाइडलाइन बाजार मूल्य 1,17,000 शुल्क 12,402 नई गाइडलाइन बाजार मूल्य 54,500 शुल्क 5,777, लाभ 6,625। ग्राम केरावाही रकबा 0.024 हे पुरानी गाइडलाइन बाजार मूल्य 39,000 शुल्क 4,134, नई गाइडलाइन बाजार मूल्य 23,000 शुल्क 2,438 लाभ 1,696 रुपए होगा।

**खास बातें**

- नगरीय क्षेत्रों में कंडिकाओं का युक्तियुक्तीकरण, एनएच-30 की दरें एक समान
- ग्रामीण क्षेत्रों में हेक्टेयर आधारित मूल्यांकन से किसानों को मिलेगा वास्तविक लाभ

## पेज 9 के शेष

### भारत माता की...

पहुंची। रैली में युवक-युवती, महिला-पुरूष व बुजुर्गो ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। रैली अपने हाथों में तख्तीयां लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए धर्मांतरण गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग किया गया। रैली के दौरान भारत माता की जय, देवी देवताओं का अपमान बंद करो, छत्तीसगढ़ महतारी की जय, ईसाई मिशनरी वापस जाओ, अवैध धर्मांतरण बंद करो, शीतला माता की जय एवं सनातन संस्कृति की जय जैसे नारे गूँजते रहें। रैली मार्ग में वीर गुंडाधुर चौक, पातर हल्बा चौक, डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक, भूमिहार चौक स्थित रानी दुर्गावती की प्रतिमा, महाराणा प्रताप की प्रतिमा तथा अंत में भगवान शंकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मेला भाटा मैदान पहुँचने पर रैली एक सभा में परिवर्तित हो गई। आक्रोश सभा में वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र में शांति और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए कानून का सख्ती से पालन आवश्यक है। आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर दबाव या प्रलोभन के माध्यम से धर्म परिवर्तन की कोशिशें की जा रही हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। सभा में यह भी मांग की गई कि प्रशासन ऐसे मामलों पर त्वरित कार्रवाई करें और दोषियों पर कठोर कदम उठाएं। कार्यक्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। कार्यक्रम के अंत में रैली व सभा से जुड़े प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में क्षेत्र में कथित धर्मांतरण गतिविधियों पर रोक लगाने, शिकायतों की त्वरित जांच करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग शामिल थी। प्रशासन की ओर से ज्ञापन स्वीकार करते हुए उचित जांच और आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया गया।

**यह रहे उपस्थित**– रैली में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, टेकेश्वर जैन, हीरा मरकाम, ईश्वर कावड़े, देवलाल दुग्गा, संजय सिंहा, राजू नेताम, मनीष जैन, उत्तम जैन, नितेश सलाम, मिथलेश मंडावी, भूपेश सिंह ठाकुर, मनोज ध्रुव, घनेनद्र ठाकुर, पीयूष वलेचा, चिंमय लोन्हारे, मंजू सारथी, सुनील ठाकुर, दाऊ लाल सोनवानी, प्रवेश चौहान समेत 32 समाज के सदस्य उपस्थित रहें।

### रखी गई ...

गंभीर अपराध की श्रेणी में रखा जाए तथा न्यूनतम अनिवार्य सजा का प्रावधान किया जाए, सामूहिक रूप से धर्मांतरण कराने वाले मसीही मिशनरी संगठनों, येसुवा-आधारित प्रचार नेटवर्क, उनके नेतृत्व, फील्ड कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और पाँचवीं अनुसूची क्षेत्र की संवैधानिक संरचना के दृष्टिकोण से संगठित अपराध की तरह कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, विदेशी फंडिंग से संचालित सभी मिशनरी संगठनों एवं उनसे संबद्ध एनजीओ की उच्चस्तरीय, स्वतंत्र एवं समयबद्ध जाँच कराई जाए तथा दोषी पाए जाने पर उनके बैंक खाते, विदेशी अनुदान, चल-अचल संपत्तियाँ एवं पंजीकरण निरस्त किए जाएँ, बिना वैधानिक अनुमति संचालित सभी अवैध चर्च, प्रार्थना-स्थल, हाउस ऑफ प्रेयर एवं प्रचार केंद्रों पर तत्काल सीलिंग, बिजली-पानी विच्छेदन एवं आवश्यकतानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाए, ग्राम सभा की लिखित अनुमति के बिना किसी भी धार्मिक सभा, चंगाई कार्यक्रम या प्रचार गतिविधि पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए तथा ग्राम सभा के निर्णयों को विधिक रूप से बाध्यकारी बनाया जाएं, धर्मांतरण से जुड़े मामलों की जाँच हेतु विशेष जाँच दल गठित किए जाएँ, फास्ट-ट्रैक न्यायालय स्थापित किए जाएँ तथा लापरवाही या पक्षपात करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक एवं आपराधिक कार्रवाई की जाए, साथ ही शीतला माता, ग्राम देवी, देवगुड़ी, डोंगर-डांग देव सहित सभी पारंपरिक पूजा-स्थलों एवं आदिवासी आस्था केंद्रों को राज्य संरक्षण प्रदान किया जाए और आदिवासी समाज की धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान की रक्षा हेतु स्पष्ट एवं बाध्यकारी राज्य नीति घोषित की जाए।

### मोटरसायकिल से...

दर्रो बेहतर इलाज के लिए रायपुर रिफर किया गया, जहां 10 नवबर को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 17 केजेड 8342 के चालक पुरूषोत्तम दर्रो के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### अपहरण और दुष्कर्म...

अपराध घटित करना स्वीकार करने पर धारा 65 (1), 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई। आरोपी राहुल वर्मा पिता रामशिरोमणी वर्मा को 14 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में सउनि भुनेश्वरी भगत, प्रआर जीवधन यादव, आर पूरन साहू एवं मआर गणेशवरी कोड़ोपी का अहम भूमिका रहा है।

# ईरागांव पुलिस ने साइबर फ्राड से बचने बताए गुर



**फरसगांव/धनोरा।** कोंडागांव पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा के निर्देश पर ईरागांव थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्रामो और साप्ताहिक बाजारों में चलित थाना लगाकर ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को थाना ईरागांव के थाना प्रभारी कोमल राठौर के द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम कानागांव साप्ताहिक बाजार में चलित थाना लगाकर उपस्थित ग्रामीणों को साईबर फ्रॉड एवं इससे बचाव, यातयात जागरूकता, सामुदायिक पुलिसिंग के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन के संबंध में जानकारी दिया गया।

## खबर संक्षेप

### डॉ. महंत को डॉ. रेणु ने दी जन्मदिन की बधाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तथा प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. चरणदास महंत के जन्मदिन पर पूर्व विधायक डॉ. रेणु जोगी ने उन्हें शिष्टाचार भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। डॉ. जोगी ने अपने शुभकामना संदेश में डॉ. महंत के स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने डॉ. महंत द्वारा जनहित में किए गए अमूल्य योगदान की सराहना की। इस मौके पर दोनों वरिष्ठ नेताओं के बीच आपसी सौहार्द्र एवं राजनीतिक शिष्टाचार का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। डॉ. महंत ने भी डॉ. जोगी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### किसानों के लिए तुंहर टोकन ऐप अब 24 घंटे उपलब्ध

**रायपुर।** प्रदेश के किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तुंहर टोकन ऐप को अब 24×7 खोल दिया गया है। अब मोबाइल एप से टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नहीं रहेगी। किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। अब किसान 13 जनवरी तक अगले 20 दिनों तक के लिए टोकन ले सकते हैं। इससे किसानों को धान विक्रय की योजना बनाने और टोकन प्राप्त करने में पर्याप्त समय मिलेगा तथा भीड़ और तकनीकी दबाव की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही राज्य सरकार द्वारा 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसान अब 31 जनवरी तक तूहर टोकन ऐप से टोकन ले सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर लघु किसनों के लिए यह सुविधा मुहैया कराई गई है।

### महाराजबंध तालाब से निकाले विसर्जित प्रतिमाओं के अवशेष

**रायपुर।** शहर की ऐतिहासिक धरोहर महाराजबंध तालाब में ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ का स्वच्छता अभियान तीसरे दिन भी पूरे जोश और ऊर्जा के साथ जारी रहा। संस्था के प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि शनिवार सुबह 7.30 बजे से ही संस्था के सदस्य बड़ी संख्या में तालाब पहुंचे और श्रमदान करते हुए तालाब में जमा प्लास्टिक, पॉलीथिन, जलकुंभी तथा विसर्जन सामग्री बाहर निकाली। कई झांकियों के ढांचे और भारी मात्रा में कचरा तालाब से निकाला गया। अभियान को देखते हुए नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर विनोद पांडेय स्थल पर पहुंचे और अपनी टीम के साथ सफाई कार्य में सहयोग दिया। उनकी पहल पर घाट से जेसीबी मशीन से मलबा निकाला गया।

# विद्यार्थियों ने स्पर्धाओं में ऊर्जा, कौशल और टीमवर्क का किया प्रदर्शन

## अरुणोदय किड्ज में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

अरुणोदय किड्ज में 12 एवं 13 दिसंबर को वार्षिक खेल दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ किया गया। दो दिवसीय इस आयोजन में विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के साथ अनुशासन और टीम भावना का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर एपीएस की प्राचार्या नीलिमा रथ तथा कार्यकारी निदेशक प्रखर महापात्रा की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसमें ज्ञान और विवेक की मंगल कामना की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंग-बिरंगे एवं मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। ओलंपिक मशाल प्रज्वलन के साथ वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का औपचारिक शुभारंभ किया गया, जो एकता, दृढ़ संकल्प और खेल भावना का प्रतीक रहा। दो दिनों तक विद्यार्थियों ने विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी ऊर्जा, कौशल और टीमवर्क का प्रभावी प्रदर्शन किया। आयोजन के दौरान अभिभावकों के लिए भी विशेष खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता निभाकर कार्यक्रम को और अधिक जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई। यह आयोजन विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए अविस्मरणीय स्मृतियाँ छोड़ गया। अरुणोदय किड्ज़ का यह वार्षिक खेल दिवस बच्चों के शारीरिक सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ उनके मानसिक विकास एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का एक सफल और प्रेरणादायक मंच सिद्ध हुआ। यह संपूर्ण आयोजन एपीएस के निदेशक संतोष महापात्रा के प्रेरणादायक मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



### स्वागत भाषण आद्रिक ने दिया

इस वार्षिक खेल दिवस का स्वागत भाषण कक्षा तीसरी के छात्र आद्रिक सिंह भदौरिया ने प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में अद्रिक ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन बसता है। खेल न केवल हमें स्वस्थ रखते हैं, बल्कि अनुशासन, धैर्य और टीमवर्क की भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने वार्षिक खेल दिवस में आयोजित विभिन्न खेलों की जानकारी देते हुए सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि जीत से अधिक महत्वपूर्ण पूरा प्रयास करना है तथा प्रत्येक क्षण का आनंद लेना चाहिए।

## घोर नक्सल प्रभावित कमलापुर में सीआरपीएफ ने खोला ऑपरेशन कैंप

# सुरक्षा और विकास की दिशा में बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिले के उसूर एवं बासागुड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कमलापुर, मुरूडबाका, तुमरेल, पावरगुड़ा, रेखापल्ली सहित आसपास के इलाके बीते कई दशकों से नक्सल हिंसा से प्रभावित रहे हैं। इन क्षेत्रों में आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने, जनसुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने तथा विकास की प्रक्रिया को गति देने की दिशा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी क्रम में सीआरपीएफ की 229वीं बटालियन द्वारा ग्राम कमलापुर में नए ऑपरेशन कैंप की स्थापना की गई, जिसका उद्घाटन 13 दिसंबर को बीजापुर रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक बीएस. नेगी द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में 229वीं बटालियन के कमांडेंट ब्रजेश कुमार सिंह, 206 कोबरा बटालियन के कमांडेंट पुष्पेन्द्र सिंह, 210 कोबरा बटालियन के कमांडेंट अशोक, 153वीं बटालियन के कमांडेंट अमित कुमार, 229वीं बटालियन के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गौरव कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी मुख्तयार सिंह, एसडीपीओ आवापल्ली तिलेश्वर कुमार यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, जवान एवं स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।






नवस्थापित ऑपरेशन कैंप का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना, नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा किसी भी प्रकार की सुरक्षा चुनौती पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। लंबे समय से नक्सलवाद की मार झेल रहे ग्रामीणों के लिए यह कैंप राहत और विश्वास का प्रतीक बनकर सामने आया है। कैंप की स्थापना से क्षेत्र में सुरक्षा बलों की स्थायी उपस्थिति सुनिश्चित होगी, जिससे ग्रामीण स्वयं को अधिक सुरक्षित महसूस करेंगे और विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी कर सकेंगे। उद्घाटन के पश्चात पुलिस उप महानिरीक्षक बीएस. नेगी ने ग्राम कमलापुर का भ्रमण किया। इस दौरान एसडीपीओ आवापल्ली द्वारा चलित थाना का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि कैंप की स्थापना से क्षेत्र में शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा मिलेगा तथा यह इलाका धीरे-धीरे नक्सल मुक्त बनने की ओर अग्रसर होगा। अधिकारियों ने ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी समस्या या सूचना के लिए वे निर्भय होकर सुरक्षा बलों से संपर्क कर सकते हैं।

सीआरपीएफ द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। 229वीं बटालियन के चिकित्सा अधिकारियों एवं स्टाफ द्वारा स्थानीय ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को यह भी जानकारी दी कि भविष्य में किसी भी प्रकार की चिकित्सा आवश्यकता होने पर वे कैंप में आकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। इस पहल से ग्रामीणों में सुरक्षा बलों के प्रति विश्वास और अपनत्व की भावना और मजबूत हुई है।

सुरक्षा की दृष्टि से इस ऑपरेशन कैंप को तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था से सुसज्जित किया गया है। कैंप और आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। कैंप में तैनात सीआरपीएफ के जवान उच्च स्तर का प्रशिक्षण प्राप्त हैं और हर प्रकार की सुरक्षा चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### शांति, सुरक्षा और विकास की नई राह खुलेगी

अधिकारियों ने बताया कि 229वीं वाहिनी पूर्व में भी सिलगेर, पुथकेल, गुजापरती सहित अन्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सफल अभियान चलाकर नक्सल प्रभाव को कम करने और विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुकी है। कमलापुर में ऑपरेशन कैंप की स्थापना इसी क्रम में एक और निर्णायक कदम है, जिससे क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास की नई राह खुलेगी तथा प्रशासन की पहुंच सुदृढ़ होगी।

# उपभोक्ता जागरुकता शिविर में दी ग्रामीणों को जरूरी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा ग्राम मारकेल-2 सिवनागुड़ा में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में ग्राम उप सरपंच एवं वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप डेनियल ने उपभोक्ता जागरूकता शिविर आयोजित करने के उद्देश्य की संपूर्ण जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की। उसके बाद आयोग के सदस्य आलोक कुमार दुबे ने उपभोक्ता को परिभाषित करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी ग्रामीणों को जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्य सीमा गोलछा द्वारा आयोग में लगने वाले न्याय शुल्क के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि किरण कुमार नाग, ग्राम सचिव राधेश्याम देवांगन, ग्राम पटेल जगतराम, पंच विरेन्द्र दास, दलजीत चालकी, जयन्ती डेनियल, गुरुबंधु कोकड़ू, सीताराम बघेल, विघ्नेश्वर बघेल, शुभ्रा बेसरा, ग्राम कोटवार बंशीधर बघेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन तथा जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी अनंत वैद्य, भारत-भूषण टंडन, अभिषेक तिवारी, सुधीर गुप्ता, संतोष देवांगन, नरपत नाग, भुवनेश्वर ठाकुर एवं मिथिलेश कुशवाहा शामिल रहे।

### घर बैठे ही कर सकते हैं शिकायत

इस अवसर पर जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल ने ई- हियरिंग के संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश को देश का पहला राज्य बनने की जानकारी देते हुए उपभोक्ता कानून की जानकारी उपस्थित लोगों को प्रदान किया। ई-हियरिंग एवं ई-फाइलिंग के संबंध में विस्तार से बताते हुए कहा कि अब आम जन को उपभोक्ता कानून का लाभ प्राप्त करने के लिए जिला आयोग की दूरी तय नहीं करना पड़ेगी और घर बैठे ही ई-जागृति पोर्टल द्वारा अपने मोबाइल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। ऐसी स्थिति में आम उपभोक्ता बीमा, फसल बीमा, बैंकिंग सुविधा, कोचिंग संस्थान एवं निर्माण कार्य एजेंसियों के विरुद्ध आयोग के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।



# लक्ष्मी जगार में देव-विवाह का दिव्य उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- लक्ष्मी नारायण विवाह में महिलाओं की भागीदारी
- परदेसीन माता मंदिर परिसर में परंपरा और आस्था का संगम

नगर के रवींद्रनाथ टैगोर वार्ड स्थित परदेसीन माता मंदिर परिसर में मंदिर समिति एवं वार्डवासियों के सहयोग से आयोजित 12 दिवसीय लक्ष्मी जगार के अंतर्गत रविवार को लक्ष्मी और नारायण का पारंपरिक विवाह विधि-विधान से संपन्न कराया गया। इस धार्मिक आयोजन में वार्ड की अनेक महिलाओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ सहभागिता की, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर हो उठा।

बताया गया कि रवींद्रनाथ टैगोर एवं अंबेडकर वार्ड के मध्य स्थित परदेसीन माता मंदिर के समक्ष यह आठवां लक्ष्मी जगार आयोजन है। देव-विवाह के अवसर पर दो छोटे बच्चों को लक्ष्मी और नारायण के रूप में आकर्षक ढंग से सजाया गया। विवाह की सभी पारंपरिक रस्में पूरी श्रद्धा के साथ निभाई गईं और विधिवत देव-विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर आसपास के गांवों के देवी-देवताओं को भी आमंत्रित किया गया, जिससे आयोजन की भव्यता और बढ़ गई।

### गज लक्ष्मी पूजन आज

आयोजकों के अनुसार लक्ष्मी जगार के तहत सोमवार को गज लक्ष्मी पूजन किया जाएगा, जिसके पश्चात नवनिर्मित परदेसीन माता मंदिर का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा।

# आयुर्वेद कालेज परिसर में 18 से मेगा हेल्थ कैंप



**रायपुर।** राजधानी के आयुर्वेद कालेज परिसर में 18 दिसंबर से पांच दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद सहित देशभर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर सेवाएं देंगे। रायपुर पश्चिम के विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्घाटन 18 दिसंबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में होगा। मेगा हेल्थ कैंप में विनय मित्र मंडल के माध्यम से दिव्यांगों को कृत्रिम जयपुर पैर, हाथ कटे दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ बनाकर दिए जाएंगे, साथ ही श्रवण यंत्र, ट्राइसिकल, वैशाखी भी प्रदान की जाएगी। राजेश मूणत ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया किमेगा हेल्थ कैंप में कैंसर, हृदय रोग, नेत्र रोग, स्त्री रोग, अस्थि रोग, बांझपन उपचार, आयुर्वेद और अन्य विधाओं से जुड़े डॉक्टरों की टीम निःशुल्क जांच, परामर्श, उपचार और दवाइयों का वितरण करेगी। कैंसर विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत केरकर और डॉ. आयुषी गोयल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मयूर जैन और डॉ. रमेश कवाड़ समेत देशभर के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष दीपक म्हसके, जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर आदि उपस्थित थे।

शिल्पी के नये कार्यकारिणी का हुआ गठन

# अध्यक्ष दिशांत और महासचिव असीम बने



**जगदलपुर।** नगर की सांस्कृतिक संस्था शिल्पी के नये कार्यकारिणी का गठन किया गया। संस्था के संस्थापक सदस्य सुबीर नन्दी, सुधीर मंडल एवं जतिन राय चौधरी के सहमति से संस्था के विधि सलाहकार संजय जयसवाल की उपस्थिति में हुआ। जिसकी घोषणा शनिवार को संस्था के वार्षिक बैठक में किया गया। अध्यक्ष दिशांत चक्रवर्ती, उपाध्यक्ष संजीव शील, महासचिव असीम गाइन, कोषाध्यक्ष हरि माधव दास, सहसचिव मृणाल मल्लिक एवं शांतनु नाग, सांस्कृतिक सचिव निवेदिता राय चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य जय गोपाल सरकार, वनश्री भगत। उपस्थित सभी ने नए कार्यकारिणी के सदस्यों को बधाई दी। विशेष रूप से उपस्थित इंद्राणी नदी, अर्चना दास एवं दुलाल घोष। वर्ष 2026 के कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई।

## केदार और हरजीत का भाजपाईयों ने किया स्वागत...



**जगदलपुर।** केदार नाथ गुप्ता प्राधिकृत अधिकारी अपेक्स बैंक व बस्तर संभाग सह प्रभारी हरजीत सिंह भामरा का स्वागत सर्किट हाउस में किया गया। इस दौरान महापौर संजय पाण्डे, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डे, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, राणा घोस, त्रिवेणी रंधारी, संजय विश्वकर्मा, जिला महामंत्री रजनीश पानीग्राही, राजपाल कसेर, सुरेश यादव, हेमंत पानीग्राही, वात्सल्य मूर्ति उपस्थित रहे।

# करपावंड ने कोलचुर को हराया



**करपावंड।** मारुति इलेवन करपावंड के द्वारा आयोजित मैच में शनिवार को एक मैच मारुति इलेवन करपावंड और कोलचुर के बीच खेला गया। जिसमें कोलचुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया । मारुति इलेवन करपावंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवरों में 103 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। कोलचुर के बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए और महज़ 77 रन पर ही आउट हो गए। यह मैच मारुति इलेवन करपावंड ने आसानी से जीता। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे पिंटू भूआर्य जिन्होंने 3 ओवर में एक मेडन के साथ मात्र 7 रन देकर 3 विकेट झटके। इसी के साथ मारुति इलेवन करपावंड क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मुख्य अतिथि जयमन देवांगन, महेश देवांगन, राजूराम देवांगन मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता रहे। प्रत्येक मैच का मैंन ऑफ द मैच बस्तर स्पोर्ट्स करपावंड संजू देवांगन के द्वारा दिया जा रहा है। आज के मुख्य अंपायर खगेश्वर भारती एवं किशन भारती रहे।

## सामग्री नहीं होने से बच्चों व अभिभावकों को हो रही परेशानी

# स्कूल के प्रयोगशाला में कैमिकल नहीं, कैसे होगी प्रेक्टिकल परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- कई अभिभावक ने अपने बच्चों को टीसी लेकर दूसरे स्कूल में कराया भर्ती

बस्तर जिले के सरकारी स्कूलों में लैब (प्रयोगशाला) की हालत ही खराब है। बस्तर ब्लॉक मुख्यालय के स्कूल के लैब में वर्षों से सामान नहीं है, जिससे कई अभिभावक ने अपने बच्चों को टीसी लेकर दूसरे स्कूल में भर्ती कराया गया है। कुछ स्कूल में प्रेक्टिकल की औपचारिता की जा रहा है। संभागीय मुख्यालय के भगतसिंह स्कूल सहित स्कूल के लैब में पर्याप्त सामान होने से बच्चे प्रेक्टिकल कर रहे हैं।



प्राप्त जानकारी के अनुसार संभागीय मुख्यालय से लगभग 20 किमी दूर रायपुर रोड के ब्लॉक मुख्यालय में शासकीय बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बस्तर में 6 वीं से 12 कक्षा तक के 250 बच्चे अध्ययनरत हैं, जिसमें से 12 वीं कक्षा के 40 एवं 11 वीं कक्षा के 60 बच्चे अध्ययनरत हैं। इस स्कूल के लैब (प्रयोगशाला) में सामाग्री नहीं होने से बच्चों एवं अभिभावकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अभिभावकों के अनुसार स्कूल में जनवरी माह में बोर्ड परीक्षा होनी है, लैब में सामान नहीं होने के चलते बच्चे कै से प्रेक्टिकल कर पाएंगे। विद्यालय में बोरिक एसिड, कैल्सियम नाइट्रेट, हाइड्रोक्लेरिक एसिड, आयोडिन सोडियम, पोटोशियम नाइट्रेट, बेनेडिक्ट, एथेनॉल, एसीटिक, सेफ्रेनिन, इलीसरीन, ऑक्टोपस, स्टार फिस सहित दो दर्जन सामान नहीं होने से विद्यालय की ओर से डीईओ से मांग की गई है कि ऐसे सामान भेजा जाए, तभी बच्चों का प्रेक्टिकल हो सकेगा।

### सामान मांगे गए

विद्युत के प्राचार्य पीआर लाऊत्रे ने इस संबंध में कहा कि लैब में सामान हैं, जो नहीं है उसके लिए मांगा गया है। स्थानीय परीक्षाओं के बच्चों का प्रेक्टिकल किया जा रहा है, बोर्ड में भी किया जाएगा।

### जानकारी नहीं

बस्तर ब्लॉक के बीईओ भारती देवांगन ने बताया कि लैब में सामान नहीं होने की जानकारी दी गई है। इसकी जानकारी लेकर जो भी नहीं है, उसे मंगाया जाएगा।

### सामान शीघ्र होगा वितरण

जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने इस संबंध में बताया कि जिन स्कूलों के लैब में सामान नहीं है और मांग के अनुसार सभी स्कूलों में प्रयोगशाला के सामान शीघ्र वितरण किया जाएगा। जिससे बोर्ड परीक्षाओं के दौरान परेशान नहीं हो सके।

## खबर संक्षेप



### वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में शॉर्ट सर्किट, तीन पैनल हुए ब्लास्ट

**धमतरी।** शनिवार की सुबह वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में तीन पैनल ब्लास्ट होने से शहर की पेयजल सप्लाई बाधित हो गई है। बताया गया है कि शार्ट सर्किट से हुए ब्लास्ट से आगजनी भी हुई है जिससे एक कर्मचारी बाल-बाल बच गया। शहर के सभी वार्डों में पेयजल की सप्लाई दानीटोला के मुख्य नहर स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से होती है। निगम के इस प्लाट में आये दिन मोटर जलने या खराब होने की शिकायत मिलती रहती है। शनिवार की सुबह निगम के कर्मचारी पानी सप्लाई की तैयारी कर रहे थे तभी ट्रीटमेंट प्लांट के 6 पैनल में से तीन पैनल में धुआं उठने लगा और देखते ही देखते तीनों पैनल ब्लास्ट हो गए। आग की लपटें भी उठने लगीं। इस दौरान वहां पर मौजूद एक कर्मचारी ने भागकर अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि पैनल जलने के अलावा पूर्व से ही कुछ मोटर खराब पड़े हैं।

### प्रायोगिक परीक्षा 17 को

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के बीएससी तृतीय सेमेस्टर (प्राणीशास्त्र) की प्रायोगिक परीक्षा 17 दिसंबर बुधवार को दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी। नियमित एवं अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी आवश्यक सामग्री व रिकार्ड के साथ निर्धारित समय से आधा घण्टा पूर्व प्राणीशास्त्र विभाग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।

### सत्रांत परीक्षा 19 दिसम्बर से 14 फरवरी तक

**धमतरी।** पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा सत्रांत परीक्षा जनवरी-दिसम्बर 2025 की अंतिम समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। घोषित कार्यक्रम के अनुसार स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा एवं डिप्लोमा की परीक्षाएं 19 दिसम्बर से 14 फरवरी 2026 तक कार्यालयीन दिवसों में आयोजित होंगी। परीक्षाएं दो पालियों में होंगी। प्रथम पाली प्रातः 10 से 1 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 2 से 5 बजे तक होगी। बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए के आधार पाठ्यक्रम एवं बीकॉम, बीबीए ऑनर्स के एईसी व वीएसी विषयों की परीक्षा ओएमआर शीट पर प्रातः 10 से 12:15 बजे तथा दोपहर 2 से 4:15 बजे तक होगी। यह जानकारी प्राचार्य, समन्वयक डॉ. विनोद कुमार पाठक ने दी।

**परीक्षा : कुल 953 विद्यार्थी पंजीकृत में से 31 रहे अनुपस्थित**

# दुर्गूकोंदल की नवोदय विद्यालय परीक्षा में दिखा गजब का उत्साह, 922 हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल



विकासखंड में जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा छठवीं प्रवेश परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों तथा अभिभावकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और परीक्षा केंद्रों पर भारी भीड़ रही। यह परीक्षा 13 दिसंबर शनिवार के शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की गई। विकासखंड क्षेत्र में चार प्रमुख केंद्र निर्धारित किए गए थे, जिसमें शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल, शाउमावि हाटकोंदल, शाउमावि दमकसा तथा शाउमावि कोण्डे शामिल रहे।

परीक्षा केंद्रों पर कुल 953 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिसमें दुर्गुकोंदल केंद्र पर 240 में से 229 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 11 अनुपस्थित रहे। हाटकोंदल केंद्र पर 240 में से 233 उपस्थित तथा 7 अनुपस्थित रहे। दमकसा केंद्र पर 240 में से 232 उपस्थित तथा 8 अनुपस्थित रहे तथा कोण्डे केंद्र पर 233 में से 228 उपस्थित तथा 5 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल मिलाकर 922 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा मात्र 31 अनुपस्थित रहे एवं उपस्थिति का प्रतिशत 97 प्रतिशत रहा। परीक्षा देने के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों से अभिभावक तथा शिक्षक अपने बच्चों को लेकर सुबह से ही केंद्रों पर पहुंच गए थे जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना रहा। केंद्रों के बाहर अभिभावकों की लंबी कतारें तथा बच्चों की चहल-पहल ने परीक्षा के महत्व को दर्शाया। परीक्षा समाप्त होने के बाद विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी तथा संतोष साफ झलक रहा था। उनमें आत्मविश्वास भरा उत्साह नजर आया। जब विद्यार्थियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रश्नपत्र में अधिकांश प्रश्न वही आए जो उन्होंने कोचिंग क्लासेस में पढ़ाए गए थे इसलिए उनका पेपर बहुत अच्छा हुआ और वे काफी संतुष्ट हैं। खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव डे ने इस सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा सभी पंजीकृत विद्यार्थियों को शाला स्तर तथा संकुल स्तर पर पूरी तरह निःशुल्क कोचिंग प्रदान की गई थी। इस कोचिंग का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर अवसर देना था। उन्होंने कहा कि परिणाम चाहे कैसा भी आए लेकिन इस तैयारी से बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता में निश्चित रूप से उल्लेखनीय सुधार हुआ है और उनकी आधारभूत समझ मजबूत हुई है। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी, खंड श्रोत समन्वयक लतीप सोम तथा संकुल समन्वयक शंकर नागवंशी और योगेश मरकाम , राजकुमार चंद्राकर की टीम ने परीक्षा केंद्रों का बारिकी से निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया ताकि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तथा व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। इस अवसर पर प्रभारी अजय नेताम तथा सीएलओ प्रकाश गोस्वामी, बाबूलाल कोमरे, थानेश्वर चंद्राकर, हेमलता वाडिवा, देवानंद गौतम, चिंतानंद ठाकुर, राजेंद्र आवड़े ने अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया।

# भाजपा ने जनसंपर्क किया एवं स्वदेशी अपनाने की प्रेरणा दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरर

भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर के द्वारा आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के तहत कोरर के शक्ति केंद्र हटकर्रा में जनसंपर्क कर क्षेत्र के लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया एवं घर-घर जाकर संपर्क अभियान चलाया।

कार्यक्रम में भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लटिया, मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप की उपस्थिति में हाटकर्रा बाजार एवं ग्राम वासियों से घर-घर जाकर संपर्क कर स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग अपने दिनचर्या में अधिक से अधिक करने भारत में निर्मित सामग्रियो का उपयोग करने के लिए लोगों से अपील किया गया और साथ ही लोगों से संकल्प पत्र भी भरवारा गया, जिसके अनुसार अपने दैनिक जीवन में अधिकतम भारतीय उत्पादों का उपयोग करने और विदेशी वस्तुओं की जगह स्वदेशी वस्तुओं का विकल्प अपनाने जोर दिया गया। जनसंपर्क कार्यक्रम में मंडल के उपाध्यक्ष एवं पूर्व जनपद सदस्य झाड़ राम मंडावी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मंत्री शंकर लाल यादव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल महामंत्री दिनेश नायक, मंडल कोरर के सक्रिय कार्यकर्ता सेवक गावडे, भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष योगेश कोमरा सहित बूथ एवं मंडल के कार्यकर्ता इस अभियान में सम्मिलित हुए।

# बस्तर ओलंपिक में ग्राम चवांड की बालिकाओं की हुई शानदार जीत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नरहरपुर

जगदलपुर में आयोजित बस्तर ओलंपिक खेल समारोह 2025 में ग्राम चवांड की बालिकाओं ने संभाग स्तर पर रस्सा खींच प्रतियोगिता में लगातार तीसरी बार विजय हासिल की। प्रतियोगिता में हजारों बच्चों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया।

चवांड की टीम ने नुवाबाट दंतेवाड़ा सेमीफाइनल और कोण्डागांव फाइनल को पराजित करते हुए खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम में यामिनी कांगे, ममता सलाम, उत्तरा मंडावी, नितेश्वरी सलाम, मोनिका सलाम, रंजिता उईके, नंदिनी उईके हसिना बघेल और प्रियंका सलाम शामिल रहीं। जीत के बाद ग्राम चवांड में बालिकाओं का भव्य स्वागत किया गया। जनपद सदस्य शिल्पा साहू ने कहा कि बस्तर की माटी में अनेक हीरे छिपे हुए हैं, लेकिन उन्हें पहले कभी ऐसा मंच नहीं मिला। लंबे समय तक बस्तर को नक्सलवाद का गढ़ माना जाता रहा, परंतु आज बस्तर ओलंपिक और सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से यहां के बच्चे अपनी प्रतिभा को निखार रहे हैं। इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर विजेता बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच खमन कांगे, उपसरपंच आरती बघेल, पंच विनोद साहू, पूर्व पंच गोलू सिंह, भूतपूर्व सैनिक प्रकाश साहू, हिम साहू, जामवंती साहू, रेखा साहू, संतोष कुंजाम, अवध साहू, यशवंत जैन, ईश्वरी साहू, मोनिका साहू एवं जागेश्वरी साहू उपस्थित रहे।

### पूर्णिमा सरोज को रसायनशास्त्र में पीएचडी की उपाधि

**जगदलपुर।** बस्तर की पूर्णिमा सरोज ने रसायन शास्त्र में अपने शोध कार्यों की सफल पूर्णता के पश्चात डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्राप्त की है। यह उपाधि उन्हें भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रदान की। इस अवसर पर कुलपति एवं अतिथिगण मौजूद रहे। उन्होंने अपना शोध कार्य बस्तर जिले के जगदलपुर के विभिन्न क्षेत्रों में भूजल का विश्लेषण के अंतर्गत जल गुणवत्ता सूचकांक के माध्यम से जल स्रोतों की स्थिति का गहन अध्ययन किया। इस शोध में उन्होंने जल प्रदूषण के स्रोतों की पहचान की और इसके संभावित समाधानों पर भी प्रकाश डाला। यह शोध कार्य डॉ. प्रतिभा एस. कुरूप के निर्देशन में पूर्ण हुआ। शोध पत्रों का प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में हुआ है और इनकी वैज्ञानिक गुणवत्ता को वैश्विक स्तर पर सराहा गया है। शोध के दौरान डिजाइन किए गए ऑटोमैटिक बायोकेमिकल एनालाइजर के लिए एक पेटेंट भी स्वीकृत हुआ है।

# खिलाड़ियों ने बस्तर ओलंपिक में गाड़े झंडे, जिले को मिला ऐतिहासिक गौरव



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर आयोजित संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक में दुर्गुकोंदल ब्लॉक के युवा खिलाड़ियों ने जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। जगदलपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता में दुर्गुकोंदल के खिलाड़ियों ने न सिर्फ विभिन्न स्पर्धाओं में जीत हासिल की, बल्कि कांकेर जिले को बस्तर संभाग में कई खेलों में पहले पायदान पर पहुंचाया। दुर्गुकोंदल के खिलाड़ियों ने कबड्डी की स्पर्धाओं में अपना वर्चस्व साबित किया। पुरुष वर्ग सीनियर कबड्डी में दुर्गुकोंदल के श्रवण दर्रो, गुलाब कुंजाम, विक्की सलाम, नंदकिशोर नरेटी, अरविंद यादव और दौलत कोमरा की सक्रिय भागीदारी से कांकेर की टीम संभाग में प्रथम स्थान पर रही। जूनियर महिला कबड्डी में थानेश्वरी सलाम, मोनिका उसेंडी, और कालेश्वरी शोरी कलंगपुरी ने टीम को पहला स्थान दिलाने में अहम भूमिका निभाई। सीनियर महिला कबड्डी में दियागांव की दामिनी कोमरा और तरहुल की प्रतिमा पुरामें की टीम ने भी प्रथम स्थान का गौरव हासिल किया। जूनियर पुरुष खो-खो में हाटकोंदल के योगेंद्र, संदीप, फलेंद्र, अजय, मनप्रीत, भोज, तरूण, खिलेश, टिकेश, मोहित, सुभाष, नमन सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने टीम को तीसरा स्थान दिलाया। इस सफलता में महिला खिलाड़ियों की बड़ी भागीदारी ने यह संदेश दिया कि बेटियां भी किसी से कम नहीं हैं। दुर्गुकोंदल ब्लॉक के इन होनहार खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल, प्रतिभा और मेहनत से पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

# क्लिनिकल फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सीकोलॉजी यूनिट खुला, डीएनए टेस्ट के लिए रख सकेंगे खून का सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मध्य भारत का पहला और देश के बारहवें क्लिनिकल फॉरेंसिक मेडिसिन एण्ड टॉक्सीकोलॉजी यूनिट की स्थापना आंबेडकर अस्पताल में की गई है। इस यूनिट में हेराइन, कोकीन सहित अन्य मादक पदार्थों के सेवन की जांच हो सकेगी। साथ ही एफटीए पेपर द्वारा डीएनए टेस्ट के लिए खून के सैंपल सुरक्षित रखे जा सकेंगे। इस यूनिट से मेडिको लीगल की जांच में काफी मदद मिलेगी।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शुक्रवार को पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित आंबेडकर अस्पताल में सीएफएमटी यूनिट का उद्घाटन किया। अस्पताल में आने वाले मेडिको लीगल (एमएलसी) केस में व्यक्ति या पीड़ित की जांच एवं उपचार की सुविधा यहां मिलेगी। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह मध्य भारत का पहला एवं पूरे देश का बारहवां यूनिट है जहां अपराध का संकेत देने वाले चोट की जांच, शराब के सेवन की ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट, नशा का सेवन करने वालों की यूरिन के माध्यम से पुष्टि तथा पोक्सो कानून के अंतर्गत आने वाले अपराधिक मामलों में उम्र बताने की जांच की जाएगी। आज के समय में अपराध की प्रकृति बदलती जा रही है, इसलिए आने वाले दिनों में यह देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में से एक होगा। यह अपराध की जांच और कार्रवाई में सटीक सूचना देने में अहम भूमिका निभाएगी।

# शहर का एक मरघट जहां शव दफनाना आसान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के गीदम रोड पर एक मरघट है जिसे केवल उसी समाज के लोग ही जानते हैं। क्योंकि मरघट परिसर में झाड़, झंकाड़ और पेड़ पौधों की भरमार है। चहार दिवारी तो बन गई

- पार्षद उसी समाज के लेकिन न सफाई न समुचित व्यवस्था
- मरघट के ठीक पीछे स्कूल और सरकारी कार्यालय

है लेकिन बाहर मरघट का बोर्ड नहीं लगने से यह पता नहीं लगता कि यहां शव का अंतिम क्रियाकर्म होता है। आसपास के 3-4 वार्ड के लोग किसी के देहांत होने पर यहीं पर अंतिम क्रियाकर्म करते हैं। इसके





लिए काफी परेशानी होती है क्योंकि पूरे परिसर में घने जंगल जैसा वातावरण होने से शव दफनाने के लिए जगह ढुंढने में काफी परेशानी होती है। वार्डवासियों ने बताया कि भाजपा के पूर्व पार्षद राजपाल कसेर की पत्नी अभी पार्षद है। उनके समाज के लोगों का भी यहीं अंतिम संस्कार होता है । लेकिन मरघट की हालत देखकर लगता है कि वे खुद इसके जीर्णोद्वार में रूचि नहीं ले रहे हैं। सतनामी और मिरगान समाज के लोग भी अपने परिजन को यहीं दफनाते हैं। मरघट के सामने जगदलपुर से तेलंगाना की ओर जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग है।

# नितिन नबीन के कुशल नेतृत्व का प्रदेश को मिलेगा लाभ : वेंकट



**जगदलपुर।** बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने का लाभ छत्तीसगढ़ को मिलेगा। उनके कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में कई चुनाव संपन्न हुए हैं। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट ने कहा कि प्रदेश समेत बस्तर से भी वे भली भांति वाकिफ हैं। संगठन और सत्ता दोनों का उनका दीर्घ अनुभव है जिसका लाभ प्रदेश भाजपा को मिलेगा।

**छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ की पहल**

# कड़ाके की ठंड में घूमन्तु परिवारों को गर्म कपड़ों का संबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कड़ाके की ठंड के बीच जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ ने नगर के गरीब, बेसहारा घूमन्तु परिवारों को गर्म कपड़ों व कंबलों का वितरण किया है। यह सेवा शहर के विभिन्न प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर किया गया, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक सहायता पहुंच सके।

संघ ने दंतेश्वरी मंदिर, दलपत सागर, सिरासार चौक, जगन्नाथ मंदिर, हनुमान मंदिर, संजय मार्केट, हाता ग्राउंड, गोल बाजार सहित अन्य स्थानों पर गरीब एवं घूमन्तु परिवारों को कंबल वितरित किए।





इसके साथ ही महारानी अस्पताल में ग्रामीण अंचलों से उपचार के लिए आए मरीजों एवं उनके परिजनों को भी ठंड से बचाव के लिए कंबल प्रदान किए गए। इस पहल से ठंड के मौसम में खुले स्थानों पर जीवन यापन करने वाले लोगों को राहत मिली। संघ के जिलाध्यक्ष तुलादास मानिकपुरी ने बताया कि संघ प्रतिवर्ष सामाजिक एवं जनसरोकार के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि संघ द्वारा पूर्व में ग्राम मांदर के बाढ़ पीड़ितों को कपड़े, राशन एवं बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया था। साथ ही प्रत्येक वर्ष ठंड में गर्म कपड़े, राशन वितरण, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण तथा बस्तर की हुनरमंद प्रतिभाओं के सम्मान हेतु वृहद कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

